अपना मुझे बना ले मुरलीवाले

अपना मुझे बना ले मुरलीवाले ,
दर पे तेरे बुला ले मुरलीवाले ,
बुला वृन्दावन में , बुला वृन्दावन में , बुला वृन्दावन में !

मुरली मधुर कान्हा तू हैं बजाता,
राधा के संग रास रचाता ,
मुझको तू वो रास दिखा दे,
अपना दास बना ले मुरलीवाले,

अपना मुझे बना ले मुरलीवाले ,
दर पे तेरे बुला ले मुरलीवाले,

मन ये मेरे कान्हा तेरा दीवाना ,
ढूंढे ये मिलने का बहाना ,
कोई बहाना कर के कान्हा ,
तू ही मुझे बुला ले मुरलीवाले ,

अपना मुझे बना ले मुरलीवाले ,
दर पे तेरे बुला ले मुरलीवाले ,

सबकी नय्या पार लगाता,
सबको भव से पार कराता,
मुझको भी तू भव से तरा दे,
भव से पार करा दे मुरलीवाले ,
दर पे तेरे बुला ले मुरलीवाले ,

अपना मुझे बना ले मुरलीवाले ,
दर पे तेरे बुला ले मुरलीवाले ,

Lyrics - Jay Prakash Verma , Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34279/title/apna-mujhe-bana-le-murliwale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |